## बकायादारों पर नगर निगम की सख्ती शुरू

# कर वसूली में ढिलाई पर कार्रवाई के संकेत, 48 वार्डों के अमले को अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने जलकर एवं संपत्ति कर की बकाया राशि की वसूली को लेकर अब सख्त रुख अपना लिया है। निगम आयुक्त चंद्र प्रकाश राय के निर्देश पर गुरुवार को निगम सभाकक्ष में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राजस्व संग्रहण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने सभी कर संग्रहकर्ताओं को प्रतिदिन मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर लक्ष्य आधारित कार्य करने के निर्देश दिए।बैठक में शहर के सभी 48 वार्डों के जलकर एवं संपत्ति कर संग्रहकर्ताओं तथा राजस्व अमले की वार्डवार समीक्षा की गई। प्रत्येक वार्ड में लंबित बकाया राशि, दैनिक वसूली की स्थिति, करदाताओं से संपर्क और बिल वितरण की प्रगति का अलग-अलग मूल्यांकन किया गया। सहायक आयुक्त ने सभी कर संग्रहकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनके वार्ड की वास्तविक स्थिति जानी और अपेक्षाकृत कम वसूली वाले वार्डों पर विशेष नाराजगी जताई।

सुश्री मीना कोरी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक कर संग्रहकर्ता प्रतिदिन घर-घर जाकर करदाताओं से संपर्क स्थापित करे, समय पर जलकर एवं संपत्ति कर के बिल वितरित करे तथा बड़े बकायादारों से लगातार संवाद बनाए रखे। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण नगर निगम की वित्तीय मजबूती का आधार है और इसके बिना शहर के विकास कार्यों को गति देना संभव नहीं है। इसलिए सभी कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा में शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करें।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिन वार्डों में राजस्व संग्रहण की गति धीमी है, वहां विशेष अभियान चलाया जाएगा।

अधिकारियों ने संग्रहकर्ताओं को नियमित फील्ड विजिट, दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी गई कि लगातार खराब प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।

सहायक आयुक्त ने कहा कि निगम का उद्देश्य केवल बकाया राशि की वसूली करना नहीं, बल्कि करदाताओं के बीच कर भुगतान के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है। इसके लिए कर्मचारियों को व्यवहारिक और सकारात्मक तरीके से नागरिकों से संवाद स्थापित करने की सलाह दी गई।

### ये रहे मौजूद

बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इनमें वरिष्ठ लिपिक राजकुमार पवार, राजस्व लिपिक पवन सोनी, राजस्व निरीक्षक साजिद खान, प्रीतम चोरिया, अमित सारवान, धर्मेंद्र माहौरे, शेखर पटेल, ऋषभ स्थापक, जलकर लिपिक दीपक नाकाडे, दरेश यदुवंशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।बैठक के समापन पर सहायक आयुक्त मीना कोरी ने दोहराया कि राजस्व वसूली नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी कर्मचारियों को निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा करना होगा और आगामी समीक्षा बैठकों में प्रत्येक वार्ड की प्रगति के आधार पर जवाबदेही तय की जाएगी। निगम प्रशासन के इस सख्त रुख से स्पष्ट है कि अब राजस्व वसूली अभियान को और अधिक प्रभावी तथा परिणामोन्मुख बनाया जाएगा।

## जिले में अभी तक 406.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 406.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 495.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 24 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 03 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 24 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील छिंदवाड़ा में 2.6, मोहखेड़ में 4.6, अमरवाड़ा में 3.2, चौरई में 3.2, बिछुआ में 7.4, परासिया में 0.3, जुन्नारदेव में 5.8, चांद में 2.4 और उमरेठ में 3.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 261.6, मोहखेड़ में 341.1, तामिया में 374, अमरवाड़ा में 430, चौरई में 526.2, हर्रई में 369.3, बिछुआ 371.1, परासिया में 278.8, जुन्नारदेव में 370.2, चांद में 557.5 और उमरेठ में 436.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान जारी



**छिन्दवाड़ा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त दूध उपलब्ध कराने के लिए दूध विक्रेताओं, डेयरियों एवं चिलिंग सेंटरों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने आज छिंदवाड़ा शहर स्थित कुरई दुग्ध संकलन केंद्र से दूध के नमूने लिए। साथ ही हरदागढ़ एवं जुन्नारदेव क्षेत्र की डेयरियों का निरीक्षण कर वहां से भी दूध के नमूने एकत्रित किए । वहीं 23 जुलाई 2026 को छिंदवाड़ा शहर स्थित देव दूध डेयरी से मिश्रित दूध, खोया एवं दही के नमूने, गौरव डेयरी से मिक्स मिल्क के दो नमूने, कन्हर गांव स्थित अर्नव दूध डेयरी से दूध का नमूना तथा बोरगांव (सौंसर) स्थित नर्मदा दुग्ध संकलन केंद्र से दूध के नमूने लिए गए। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में यदि कोई नमूना निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाया जाता है, तो संबंधित विक्रेताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद साहू ने संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की मुलाकात



**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने नई दिल्ली में संसद भवन स्थित कार्यालय में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की है। इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने विगत दिनों मैहर पदयात्रा के दौरान उनके द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से प्रत्यक्ष रूप से सांसद बंटी विवेक साहू को मैहर पदयात्रा की सफलता पर शुभकामनाएँ एवं बधाई प्रदान की। जिसके लिए सांसद बंटी विवेक साहू ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का हृदय से आभार व्यक्त किया। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का स्नेह, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद सदैव प्रेरणादायी रहेंगा।

## मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर ने ली शक्ति केंद्रों की मासिक बैठक



**छिंदवाड़ा।** भाजपा राम मंदिर मंडल के शक्ति केंद्र क्रमांक 25 एवं 34 में मासिक बैठक संपन्न हुई।बैठक में मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर ने विगत एक माह में संपन्न हुए संगठनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर ने बैठक में संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के विभिन्न विषयों पर भी विचार- विमर्श करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात मासिक रेडियो कार्यक्रम में सभी से उपस्थिति की अपील भी की। इस अवसर पर वार्ड संयोजक वामन साबले, वार्ड प्रभारी शरद बैंड,मंडल के महामंत्री पंकज पाटनी, शिखर पांडे जी, मनोहर ठाकरे, कपिल नरोटे, गजेंद्र बारस्कर, मनीष गुप्ता, मोहित बुनकर, सुनील मालवीय, चंद्र प्रकाश ठाकुर एवं समस्त शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सांसद बंटी विवेक साहू ने मरीज को दिलाई 50 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक मरीज को 50 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। यह राशि मिलने से मरीज का नागपुर के अस्पताल में ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू से संपर्क करते हुये इलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान मद से पांढुर्णा के ग्राम सिवनी निवासी श्यामराव पिता लक्ष्मण किनकर को ईलाज के लिए 50 हजार की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई है। उक्त राशि मिलने से नागपुर के अस्पताल में भर्ती मरीज का इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## कलेक्टर श्री नारायन ने देसी डिप्लोमा के 40 प्रतिभागियों को वितरित किए प्रमाण-पत्र



**छिन्दवाड़ा।** आंचलिक अनुसंधान केंद्र, चंदनगांव छिंदवाड़ा के सभाकक्ष में शुक्रवार को कृषि आदान विक्रेताओं के लिए संचालित एक वर्षीय डिप्लोमा इन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर्स (देसी) के 14वें बैच के 40 प्रतिभागियों को कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री नारायन ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षित कृषि आदान विक्रेता किसानों तक गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज एवं कीटनाशक सामग्री पहुंचाने के साथ-साथ आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने डिप्लोमा धारकों को खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रय से संबंधित नियमों एवं अधिनियमों के अनुरूप व्यवसाय संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया कि इच्छुक डिप्लोमा धारकों को कृषि आदान की दुकान स्थापित करने के लिए आवश्यक ऋण एवं क्रेडिट सुविधा उपलब्ध कराने के लिये विभिन्न बैंकों से समन्वय किया जाए। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा कृषि आदान विक्रेताओं के लिए निर्धारित योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। इसी उद्देश्य से जिले में परियोजना संचालक आत्मा के माध्यम से डीलरों एवं युवाओं के लिए एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स संचालित किया जा रहा है। जो युवा कृषि आदान विक्रय के लिये लाइसेंस प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए यह डिप्लोमा अनिवार्य है। जिला स्तर पर परियोजना संचालक आत्मा नोडल एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है।

### रात्रि गश्त के दौरान आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

## 335 पाव देशी शराब के साथ दो आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

आबकारी विभाग ने रात्रि गश्त के दौरान दो शराब तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 335 पाव देशी शराब और एक दुपहिया वाहन जब्त किया। कार्रवाई गुरुवार रात करीब 11 बजे छिंदवाड़ा-अमरवाड़ा मार्ग स्थित ग्राम नेर के पास की गई।

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देश एवं सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में रात्रि गश्त पर निकली आबकारी वृत्त क्रमांक-2 की टीम ने संदेह के आधार पर दुपहिया सवार दो व्यक्तियों को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान अमरवाड़ा थाना क्षेत्र निवासी सोनम सूर्यवंशी एवं प्रवीण नगारची के कब्जे से 335 पाव देशी शराब बरामद हुई।

आबकारी विभाग के अनुसार, जब्त शराब की मात्रा 60 लीटर से अधिक है। अवैध शराब परिवहन के मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की गैर-जमानती धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। जब्त शराब एवं दुपहिया वाहन की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बताई गई है। इस कार्रवाई में वृत्त प्रभारी श्री नरेंद्र नागेश, मुख्य आरक्षक श्री लक्ष्मीचंद अडमाचे, श्री जगदीश प्रसाद डहरवाल, आरक्षक श्री राजकुमार सैयाम, सुश्री सोनाली बरकड़े एवं सुश्री शिवानी महोबिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जामसांवली धाम में गुरु पूर्णिमा उत्सव की तैयारियां तेज, उमड़ेगा आस्था का सैलाब



**सौंसर।** चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक संस्थान में आगामी 28 व 29 जुलाई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव की पूर्व तैयारियों को लेकर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार, मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा,जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड़, सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और ट्रस्टीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। उत्सव के दौरान जामसांवली मंदिर परिसर में दो से तीन लाख श्रद्धालुओं के पहुँचने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन और ट्रस्ट समिति ने सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। बैठक में दर्शन कतार प्रबंधन, गर्भगृह व्यवस्था, मूर्ति पूजा की सुचारू प्रक्रिया, परिसर की स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति और व्यवस्थित पार्किंग पर चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं।उत्सव की सभी व्यवस्थाओं की संयुक्त मॉनिटरिंग कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ और पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार द्वारा की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।सनातन धर्म में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। जामसांवली धाम में भक्तजन श्री हनुमानजी को अपना आध्यात्मिक गुरु मानकर सुख-समृद्धि, कल्याण और जीवन मार्गदर्शन का आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं। मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से इस पवित्र पर्व को शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में संपन्न कराने के लिए प्रशासन और ट्रस्ट को पूरा सहयोग देने की अपील की है।

## पैरालीगल वालेंटियर्स को सीआईएस एवं साइबर सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार की प्रमुख उपस्थिति में शुक्रवार को एडीआर भवन, जिला न्यायालय परिसर छिंदवाड़ा में पैरालीगल वालेंटियर्स के लिए सीआईएस एवं साइबर सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुशांत हुद्दार ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश श्री सुधीर मिश्रा, जिला न्यायाधीश श्री प्रेमपाल सिंह ठाकुर, श्रीमती तृप्ति पाण्डेय, श्री संकर्षण प्रसाद पाण्डेय, श्री अभिषेक नागराज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री विपेन्द्र सिंह यादव सहित अन्य न्यायाधीशगण उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राकेश सिंह ने पैरालीगल वालेंटियर्स को संबोधित करते हुए वर्तमान समय में साइबर जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सोमनाथ राय ने डिजिटल न्याय वितरण में पैरालीगल वालेंटियर्स की भूमिका की जानकारी दी।

## मीटर लैब टेस्टिंग की प्रक्रिया को पारदर्शी व सरल बनाने की रखी मांग

**छिन्दवाड़ा:-** कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ ने मीटर लैब टेस्टिंग की प्रक्रिया और स्मार्ट मीटर की खामियों के खिलाफ मोर्चा खोला। अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचकर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर अविलम्ब सुधार की मांग रखी। समय रहते मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन व धरने की चेतावनी दी है। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने कांग्रेस को आश्वस्त किया कि यथाशीघ्र उपभोक्ताओं के हितों को दृष्टिगत रखते हुए ठोस व कारगर कदम उठाए जाएंगे। प्रस्तुत ज्ञापन में कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ ने कहा कि भाजपा की सरकार में सबकुछ बेलगाम है। बिजली बिल रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं, विद्युत वितरण कम्पनी की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

## मुख्य मार्गों पर निगम का सख्त एक्शन' रोको-टोको' अभियान में अतिक्रमणकारियों को चेतावनी

### नियम तोड़ने वाले दुकानदारों पर जब्त किया सामान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा सीमा क्षेत्रान्तर्गत मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त रखने एवं आम जन को सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देशानुसार नगर निगम की टीम द्वारा शहर के मुख्य व्यावसायिक मार्ग पर विशेष 'रोको-टोको' अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान नागपुर रोड स्थित टाउन हॉल से लेकर जिला चिकित्सालय, सिटी कोतवाली, ईएलसी चौक से होते हुए बोदरी नदी तक सड़क के दोनों ओर लाउडस्पीकर (अनाउंसमेंट) के माध्यम से मुनादी कराई गई। इस दौरान सभी फुटकर व्यापारियों, ठेला चालकों एवं दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वे सड़क और फुटपाथ पर किसी भी प्रकार का अस्थाई अथवा स्थाई अतिक्रमण न करें। अपनी दुकानों की सामग्री व ठेले तय सीमा के भीतर ही रखें ताकि आवागमन बाधित न हो।

कार्रवाई के दौरान चित्रकूट कॉम्प्लेक्स के समीप स्थित 'पिज्जा बॉक्स' संचालक को सड़क पर दुकान न लगाने की सख्त हिदायत दी गई और स्पष्ट चेतावनी दी गई कि निर्देश न मानने की स्थिति में दुकान सामग्री जप्त कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, बलबन क्षेत्र में लगातार दी जा रही समझाइश और निर्देशों की अवहेलना करने वाले नाश्ता दुकान संचालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए मौके से अतिक्रमण हटाया गया तथा उसके बर्तन एवं अन्य सामग्री जप्त करने की कार्रवाई की गई। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## देवशयनी आषाढ़ी एकादशी पर क्षेत्र में होंगे कार्यक्रम

**सौंसर।** नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के धार्मिक स्थलों पर शनिवार को देवशयनी आषाढी एकादशी पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा,नगर के श्री विठ्ठल मंदिर देवस्थान, सौसर में शुक्रवार को देवशयनी आषाढ़ी एकादशी के पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। ग्राम बेरडी में विठ्ठल रुक्मिणी देवस्थान समिति बेरडी के ओर से भी देवशयनी आषाढ़ी एकादशी पर दिन भर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में सुबह 6 बजे राधेश्याम सुधा के द्वारा अभिषेक किया जाएगा,एकादशी के अवसर पर विभिन्न ग्रामों से भजन मंडल लिया एवं इंडिया मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना में शामिल होगी वही दिन भर महाप्रसाद का वितरण किया जाएगासौसर में हो रहे आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए देवस्थान समिति अध्यक्ष सोनबा झाड़े ने बताया कि शनिवार को प्रातः 6 बजेः भगवान विठ्ठल-रुक्मिणी का अभिषेक एवं विशेष पूजन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद्र डागा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। पूजन विधि का संचालन कन्या संस्कार केंद्र, सौसर की संचालिका श्रीमती रेखा कंकटे द्वारा किया जाएगा। दोपहर 11 बजे मारोती लोणारे परिवार के सहयोग से लगभग 3 क्विंटल फरियाली खिचड़ी का महाप्रसाद वितरित किया जाएगा।

### गृहग्राम में पदस्थ पंचायत सचिव के मामले में नहीं हुई जांच, प्रशासन की चुप्पी बनी सवाल

## सरकारी आदेशों को जिला पंचायत ने दिखाया ठेंगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि कोई भी पंचायत सचिव अपने गृहग्राम अथवा ससुराल की ग्राम पंचायत में पदस्थ नहीं रहेगा, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और हितों के टकराव की स्थिति समाप्त हो।

लेकिन अमरवाड़ा जनपद की ग्राम पंचायत केकड़ा में पदस्थ पंचायत सचिव जगत प्रसाद चंद्रवंशी के मामले में खबर प्रकाशित होने के एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी जिला पंचायत प्रशासन ने न तो जांच शुरू की और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि शासन के आदेश सभी के लिए समान हैं तो फिर इस मामले में जिला पंचायत की चुप्पी आखिर किसके संरक्षण का संकेत दे रही है? क्या जिम्मेदार अधिकारी नियमों का पालन कराने के बजाय उन्हें ठंडे बस्ते में डालने का काम कर रहे हैं?

ग्रामीणों का कहना है कि समाचार प्रकाशित होने के बाद उन्हें उम्मीद थी कि जिला पंचायत तत्काल जांच कराएगी और यदि सचिव गृहग्राम में पदस्थ पाए जाते हैं तो नियमानुसार उनका स्थानांतरण किया जाएगा। लेकिन अब तक कोई पहल नहीं होने से लोगों में प्रशासन की कार्यशैली को लेकर नाराजगी बढ़ रही है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा (म.प्र.)**

शुक्ला ग्राउण्ड के पास वार्ड नं. 39 छिंदवाड़ा 480001
दूरभाष एवं फैक्स नंबर:-07162-222346
ई-मेल:- commchhindwara@mpurban.gov.in
commissioner.chhindwara.mpurban@gmail.com
बेबसाईट:- chhindwaranagarnigam.com

क्रमांक/2500/लोनिवि/नपानि/2026-27 — **प्रथम निविदा सूचना** — छिन्दवाड़ा दिनांक 24/7/26

एतद् द्वारा शासकीय विभागों के उपयुक्त तथा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि कार्य की समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_521008_1 Dated 25/07/2026 | वार्ड 32 में दिनेश स्टील के सामने से मनमोहन मालवीय के घर के सामने तक सी सी रोड नवीनीकरण निर्माण कार्य | 1. 208732<br>2. 2 माह | 1. 2000<br>2. 4000 | 10/08/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री नगरपालिक निगम, छिंदवाड़ा**

# निगम ने किया 20 हजार सीड बॉल का प्रक्षेपण, जामुनझिरी बनेगा प्राकृतिक हरियाली का नया केंद्र

## प्रोसेसिंग प्लांट की धरती पर हरियाली की नई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम छिंदवाड़ा के हरित अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ी पहल की गई है। जामुनझीरी स्थित कचरा प्रोसेसिंग प्लांट की भूमि पर 20,000 सीड बॉल का प्रक्षेपण किया गया। नगर निगम का लक्ष्य इस अभियान के माध्यम से कुल 1 लाख सीड बॉल का प्रक्षेपण कर निगम क्षेत्र को घने वृक्षों और प्राकृतिक हरियाली से आच्छादित करना है।



कार्यक्रम में महापौर विक्रम अहके, नगर निगम आयुक्त श्री चंद्र प्रकाश राय, कार्यपालन यंत्री श्री हिमांशु अतुलकर, श्री सोनू सकरवार, श्री रोहित सूर्यवंशी, उपयंत्री श्री विवेक चौहान (AE), एनयूएलएम सिटी मैनेजर श्री उमेश पयासी, डॉ. सेवंती पटेल सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, स्वच्छता चैंपियन शैलेंद्र उजवने, डॉ. मीरा परारकर, मोहम्मद इस्माइल कुरैशी, कोशिमा रजक, पुरुषोत्तम आमीन, आराधना पवार एवं 'मॉडल फ्यूचर' संस्था के सदस्य भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस हरित अभियान में प्रक्षेपित किए गए सभी सीड बॉल 'मॉडल फ्यूचर कला एवं तकनीकी शिक्षा समिति' द्वारा संस्था की अध्यक्ष आयशा लोधी के नेतृत्व में तैयार किए गए हैं।

इस पुनीत कार्य में स्व-सहायता समूह की महिलाओं का भी अत्यंत महत्वपूर्ण सहयोग रहा, जिन्होंने सीड बॉल निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाकर पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिला आत्मनिर्भरता की एक अनूठी मिसाल पेश की है।

सीड बॉल प्रक्षेपण का मुख्य उद्देश्य जामुनझीरी प्रोसेसिंग प्लांट की भूमि को प्राकृतिक रूप से विकसित होने वाले घने वृक्षों से समृद्ध करना है, ताकि आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण का प्रमुख केंद्र बन सके। आज इस धरा पर केवल 20,000 सीड बॉल ही नहीं रोपे गए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, हरियाली और जीवन की नई उम्मीद बोई गई है। जब ये बीज अंकुरित होकर विशाल वृक्षों का रूप लेंगे, तब जामुनझीरी का यह प्रोसेसिंग प्लांट प्रकृति के पुनर्जीवन और जनभागीदारी की एक प्रेरणादायक मिसाल के रूप में पहचाना जाएगा।

## आबकारी विभाग में दो आरक्षकों को मिली पदोन्नति, सहायक आबकारी आयुक्त ने लगाए मुख्य आरक्षक के बैज



**चौरई।** आबकारी विभाग में पदस्थ दो आबकारी आरक्षकों को पदोन्नति प्रदान कर आबकारी मुख्य आरक्षक बनाया गया। पदोन्नति के उपलक्ष्य में जिला आबकारी कार्यालय, छिंदवाड़ा में आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम के दौरान सहायक आबकारी आयुक्त बीआर वैद्य द्वारा पदोन्नत कर्मचारियों की वर्दी पर मुख्य आरक्षक के लाल फीते (बैज) लगाकर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी गईं।पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में श्रीमती अमृता साहू एवं श्री सचिन श्रीवास्तव शामिल हैं। इस अवसर पर सहायक आबकारी आयुक्त श्री वैद्य ने कहा कि पदोन्नति प्रत्येक कर्मचारी की निष्ठा, ईमानदारी एवं उत्कृष्ट कार्य का सम्मान है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि दोनों पदोन्नत कर्मचारी अपने नए दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन, अनुशासन एवं कार्यकुशलता के साथ करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों पदोन्नत मुख्य आरक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हाईकोर्ट ने दिया संरक्षण, फिर भी छीने वित्तीय अधिकार

**जुन्नारदेव।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव में लगातार नए-नए विवाद उपजते नजर आ रहे हैं। जनगणना-2027 में गणनाकार नियुक्त ग्राम पंचायत झापिया के सचिव प्रदीप कुमार शिववंशी के स्थानांतरण पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा संरक्षण दिए जाने के बावजूद उनके डिजिटल हस्ताक्षर हटाकर वित्तीय अधिकार समाप्त किए जाने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।हाईकोर्ट ने उन्हें मूल पदस्थापना पर कार्य करने की अनुमति दी है, लेकिन इसके बाद भी वित्तीय अधिकार बहाल नहीं किए गए। उनका स्थानांतरण 135 किलोमीटर दूर गैर-अनुसूचित क्षेत्र में किया गया था, जबकि वे जनगणना कार्य में संलग्न थे। मामले में प्रशासनिक दुर्भावना और न्यायालय के आदेश की भावना के विपरीत कार्यवाही के आरोप भी लगाए जा रहे हैं। अब यह सवाल उठ रहा है कि डिजिटल हस्ताक्षर हटाने का आदेश किसके निर्देश पर दिया गया और वित्तीय अधिकार कब बहाल किए जाएंगे। इस संबंध में सचिव प्रदीप शिववंशी का कहना है कि जनपद पंचायत जुन्नारदेव द्वारा किए जा रहे कार्य तानाशाही पूर्ण है, इसमें प्रशासनिक नियमों की अनदेखी के साथ-साथ न्यायालय के इसके आदेश की भी अवहेलना की जा रही है। जनपद पंचायत द्वारा वित्तीय अधिकार छीने गए तो न्यायालय की अवमानना का प्रकरण दायर किया जाएगा।

## शासकीय महाविद्यालय हर्रई में आयोजित हुई ड्रग अवेयरनेस रन




**हरिभूमि न्यूज हर्रई।**/ शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एस के एस यादव के मार्गदर्शन में ड्रग अवेयरनेस रैली और ड्रग अवेयरनेस रन, नशा मुक्ति शपथ, निबंध लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन एन एस एस प्रभारी बालक एवं बालिका यूनिट प्रभारी क्रमशः शक्ति सिंगारे , श्रीमती प्रिया छाबड़ा , ने करवाया। रैली आयोजन पूर्व विद्यार्थियों को महाविद्यालय की सुविधाओं, मूल्यांकन पद्धति एवं करियर मार्गदर्शन से संबंधित जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी डॉ एल काशीया, श्रीमती प्रीति बुनकर, ए के यादव, दिलीप डेहरिया, भूपेंद्र सिंह, कुमारी स्मिता डेहरिया, राजेश डेहरिया, उमाशंकर डेहरिया, आयुष जैन, हरिशंकर करपे, एस एल भलावी, श्रीमती सीमा धुर्वे और बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रहे।

## सीएम राइस दमुआ में किया गया पौधारोपण



**दमुआ।** सांदीपनि विद्यालय दमुआ सीएम राइस में 23 जुलाई दिन गुरुवार को विद्यालय परिसर प्रांगण में विद्यालय परिवार द्वारा प प्राचार्यश्रीमती गौरी कैलाबाग पूर्व सेवानिवृत्ति उच्च श्रेणी शिक्षक श्री S.R. परिहार जी श्री रतनलाल सूर्या जी शैलेश मंडेलिया जी एनसीसी क्रेडिट प्रभारी अभिजीत मोहबे दुर्गा सिंह राजपूत जी राकेश खातरकर जी एवं विद्यालय परिसर में स्कूली छात्राओं की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया।

## बाबा जय गुरुदेव आश्रम जयपुर राजस्थान में गुरु पूर्णिमा पर तीन दिवसीय यह कार्यक्रम



**दमुआ।** बाबा जय गुरुदेव आश्रम जयपुर राजस्थान में गुरु पूर्णिमा पर तीन दिवसी कार्यक्रम गुरु पूर्णिमा वी एखादी के पावन अवसर पर तीन दिवसीय मेला लगता है प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तीन दिवसीय यात्रा मेला लगेगा जिसमें दिनांक 27 28 एवं 29 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन प्रातः वह स्वयं कल 5:00 से विधिवाद पूजन अनुष्ठान और सत्संग भजन कीर्तन के कार्यक्रम भी होंगे कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबा श्री जय गुरुदेव आश्रम जयपुर राजस्थान में आयोजित किया गया गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर दर्शन सत्संग व पूजन पाठ का अवसर जो कि साल में एक बार गुरु भक्तों को गुरु पूर्णिमा पर मिलता है कार्यक्रम में बाबा जय गुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी बाबा उमाकांत जी महाराज पधार रहे हैं जिसमें देश-विदेश भारत आसपास के राज्य प्रदेश जिले से भक्त सेवक गुरु प्रेमी संगत के लोग पहुंच रहे हैं। बाबा जी अपने सत्संग में मनुष्य शरीर देवधारी गुरु कंज गुरु वक्त गुरु वह आने वाले अत्यंत भयंकर खराब समय से बचने का उपाय बताने के साथ ही साथ रचना का रहस्य व अंतर का भेद भी खोलेंगे दृष्टि खुलेगी कर्ण खुलेगा स्वास्थ्य व सुगंध मिलेगी आपको मालूम हो कि यह वही बाबा उमाकांत जी महाराज है जिनके दर्शन करने सत्संग सुनने वह बताए हुए रास्ते पर चलने से देश-विदेश के बहुत से लोगों को फायदा हुआ है।

## भाजपा नगर शक्ति केंद्र की कामकाजी बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के वार्ड क्रमांक 9, 10 एवं 11 के नगर शक्ति केंद्र की कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से 'मन की बात' कार्यक्रम के सफल आयोजन तथा संगठन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों को शक्ति केंद्र स्तर तक प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने की रणनीति पर चर्चा हुई।बैठक में कार्यकर्ताओं से शक्ति केंद्र को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर जोर दिया गया।इस अवसर पर नगर मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, शक्ति केंद्र अध्यक्ष मुकेश बंडेवार, भारत भूषण अरोड़ा, अशोक सोनी, नरेश वर्मा, नगर पालिका परिषद के सभापति अमित यादव, अपील समिति सदस्य एवं सभापति संजय जैन, संतोष भारतीय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई।



### पैरालीगल वालेंटियर्स का सी.आई.एस. एवं सायबर सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**छिंदवाड़ा।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा माननीय श्री सुशांत हुद्दार की प्रमुख उपस्थिति में आज 24 जुलाई 2026 को ए.डी.आर.भवन, जिला न्यायालय परिसर छिंदवाड़ा में पैरालीगल वालेंटियर्स का सी.आई.एस. एवं सायबर सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सुशांत हुद्दार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा द्वारा महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।


## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर शासकीय महाविद्यालय दमुआ में व्याख्यान आयोजित



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर "भारतीय सांस्कृतिक इतिहास एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण" विषय पर एक प्रेरणादायी व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं स्वाभिमान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा।कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने सोमनाथ मंदिर के ऐतिहासिक महत्व, उसके पुनर्निर्माण तथा भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारतीय स्वाभिमान, आस्था और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सरिता पाल एवं डॉ. पुष्पा मौर्य द्वारा किया गया। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों ने भी विषय से संबंधित जिज्ञासाएं प्रस्तुत कीं, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के शिक्षक द्वारा शराब पीकर आते हैं स्कूल



**नारायणगंज।** मंडला जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमदरा मैं प्राथमिक शाला में पदस्थ मंगल सिंह मार्को द्वारा शराब के नशे में स्कूल में आते हैं जिससे बच्चों को पढ़ने में परेशानी हो रही है एवं उनका शिक्षा स्तर खराब हो रहा है ग्राम पंचायत अमदरा के सरपंच एवं साला प्रबंधन के अध्यक्ष और प्रधान पाठक द्वारा लिखित शिकायत शिक्षा अधिकारी नारायणगंज को की है कि उक्त शिक्षक को शीघ्र ही किसी दूसरे स्कूल में पहुंचाएं ताकि यहां के बच्चों का अध्ययन करने में जो परेशानी हो रही है उनके अभिभावकों के द्वारा कहा जा रहा है अगर शीघ्र ही उक्त मंगल सिंह मार्को शिक्षक को यहां से हटाया नहीं जाएगा तो वह अपने बच्चों को स्कूल पहचाने नहीं देंगे क्योंकि शिक्षक द्वारा अध्ययन कार्य नहीं कराया जाता और शराब के नशे में आकर स्कूल परिसर में बैठा रहता है जिससे बच्चे मे पढ़ाई नहीं हो पाती है इससे के कारण उन्हें पढ़ने लिखने में डर लगता है अतः सभी ग्राम वासियों और सरपंचों ने निवेदन शिक्षा अधिकारी को किया है कि शीघ्र उक्त शिक्षक को अन्य जगह पदस्थापना की जाए एवं यहां पर किसी नए शिक्षक को बुलाकर अध्ययन में हो रही परेशानी का

## निर्माण सामग्री नहीं सिर्फ भारी भरकम बिल ही आते नजर

# गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य, कमीशन बेमिशाल

* तय की जाये तकनीकि अधिकारियों की जबावदेही, हो दण्डात्मक कार्यवाही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भ्रष्टाचार की बड़ी वजह निर्माण कार्य ही होते है इन्हीं कार्यो के माध्यम से जिसे जितना मौका मिलता है अपना लाभ ठीक कर रहा है इस अनियमितता को दूर करने के लिये ही सरकार द्वारा तकनीकि विभाग बनाये हैं शासकीय निर्माण एजेंसियां बनाई गई हैं जहां पर भारी भरकम वेतन पर अधिकारी काम कर रहे हैं लेकिन जिन पर चोरी रोकने की जिम्मेदारी है वही चोरी करा रहे हों तो फिर क्या?

जब कोई भी निर्माण कार्य स्वीकृत होता है तो उसकी डिजाईन के साथ गुणवत्ता तय की जाती है और उसी के अनुरूप आवंटन जारी होता है अब निर्माण एजेंसी या ठेकेदार उस डिजाईन उस गुणवत्ता के अनुरूप निर्माण नहीं कर रहा तो तकनीकि अधिकारी की जिम्मेदारी बन जाती है कि उस कार्य का मूल्यांकन ईमानदारी से हो लेकिन ऐसा होता नहीं। तकनीकि अधिकारी मोटा कमीशन लेकर गुणवत्ता के साथ समझौता कर लेते हैं और घटिया काम को अच्छा बताकर मूल्यांकन कर देते हैं। ऐसी स्थिति में यदि इन तकनीकि अधिकारियों को दण्डित करना प्रारंभ कर दिया जाये और इनसे ही रकम की वसूली की जाये तब शायद ये ईमानदारी से मूल्यांकन करने मजबूर होंगे।


80 फीसदी निर्माण सामग्री का उपयोग सिर्फ हो रहा कागजों पर

आर.ई.एस निर्माण एजेंसी पर गंभीर आरोप

* ठेकेदारों के साथ मिलकर अधिकारी लगा रहे शासन को चूना।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

निर्माण कार्यों की सूची

### निर्माण एजेंसी आरईएस पर विभिन्न आरोप

आरईएस विभाग के अंतर्गत पूरे जिले में अरबो रूपये के काम हो रहे हैं लेकिन निर्माण कार्यों में जितना पैसा खर्च होता है और जितना काम हो रहा है वह आसपास रह रहा सामान्य सा ग्रामीण व्यक्ति बता देगा 50 से 60 लाख रूपये की लागत से बनती सड़क निर्माण स्थल पर मुश्किल से 10 से 20 लाख रूपये की निर्माण सामग्री डाली जाती है। भवनों के निर्माण की स्थिति देख लें तो पता ही नहीं चलता कि इतनी बड़ी राशि आखिर खर्च कहां कर दी गई। आज ग्रामीण क्षेत्रों में भी सामान्य रूप से सभी सुविधाओं से युक्त मकान निर्माण हो रहे हैं इन लोगों को अच्छी तरह से मालूम होतो है कि नींव से लेकर सजावट तक कहां कितना पैसा खर्च होता है लेकिन वे जब सरकारी निर्माण कार्य को देखते हैं तो आश्चर्य में पड़ जाते हैं कि वही लागत इन निर्माण कार्यों में 5 से 10 गुना हो जाती है आखिर ऐसा कैसें होता है।

आरईएस निर्माण एजेंसी पर लगातार आरोप लगते रहे हैं लेकिन जिला प्रशासन द्वारा कभी भी गंभीरता से जांच नहीं कराई गई और यही कारण है कि मैदानी स्तर से लेकर इस एजेंसी के उच्चाधिकारी तक बेखौफ होकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं और प्रशासन भी इन्हीं भरपूर अवसर उपलब्ध करा रहा है।

अब इसी विभाग के एक तकनीकि अधिकारी है जिन्हें जनपद में उपयंत्री के प्रभार में रखा गया है इन्हीं अधिकारी को आरईएस में अनुविभागीय अधिकारी के रूप में काम देखने की जिम्मेदारी दी गई है और इसके साथ ही यही अधिकारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग में प्रभारी तकनीकि अधिकारी के रूप में भी कार्य कर रहा है।

जनपद पंचायत, आरईएस, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत कई सौ करोड़ के काम प्रगतिरत हैं और इन्हीं कार्यों की गुणवत्ता कार्य की डिजाईन और कार्य की प्रगति इसी तकनीकि अधिकारी के कार्य क्षेत्र में आती है अब जबकि निर्माण कार्यों में लगातार प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं तो समझा जा सकता है कि गुणवत्ता के साथ किस तरह समझौता किया जा रहा होगा और कमीशन किस स्तर का होगा।

# सरपंचों ने सौंपा ज्ञापन उपयंत्री को हटाने के लिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के सेक्टर चिरईडोंगरी के उपयंत्री श्रीमती उपासना बघेल को सेक्टर चिरई ंगरी से हटाने की मांग सरपंचों के द्वारा मांग की जा रही है इस उपयंत्री के पास 10 से 12 पंचायतें हैं जिसमें कुम्मा बम्हनी परतला मझगांव अमदरा गुजरसानी भावल कोडरा चिरई डोंगरी खैरी पडरिया नारायणगंज आदि पंचायतें इनके पास हैं जिसके लिए उन्होंने मुख्य कार्यपालिका अधिकारी को ज्ञापन सोपा सरपंचों को शिकायत है कि उपयंत्री द्वारा सरपंचों को परेशान किया जा रहा है एवं उन्हें प्रताड़ित किया जाता है ऐसी कई अनियमितताएं सामने आ रही हैं उन्होंने लिखित शिकायत की है कि प्रत्येक पंचायत में 10 से 12 एमबी पुस्तकों का संग्रह कर मूल्यांकन को पेंडिंग रखा जा रहा है मूल्यांकन में स्टीमेट की राशि के अनुरूप 5 से 10 प्रतिशत के राशि वसूली के बिना मूल्यांकन नहीं किया जाता है उक्त उपयंत्री द्वारा जनपद अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य और अधिकारियों के नाम से कमीशन की राशि वसूली की जाती है उपयंत्री द्वारा नगद राशि मांगने के अलावा अपने किसी स्वयं के नजदीकी फॉर्म के नाम से बिल लगाकर राशि वसूल की जाती है उपयंत्री द्वारा नगद राशि न देने पर कितनी पंचायत की एमबी फाइल जानबूझकर गुम हो जाती हैं जिसके कारण भुगतान करने में पंचायत को परेशानी का सामना करना पड़ता है सरपंचों का कहना है की तत्काल इस सेक्टर से उपयंत्री उपासना बघेल को हटाया जाए जिसके कारण सरपंचों को मानसिक एवं आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है अगर शीघ्र ही यहां से उपयंत्री को नहीं हटाया जाता तो हम सभी सरपंच जनपद कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने में मजबूर रहेंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बिछिया नगर परिषद में राजेश मार्को ने संभला मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पद भार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

नगर परिषद बिछिया में शुक्रवार को राजेश मार्को ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर नगर क्षेत्र के विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की।नवनियुक्त सीएमओ मार्को ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा तथा पेयजल, सड़क, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण सहित मूलभूत सुविधाओं के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गति दी जाएगी। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के निर्देश भी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। उन्होंने नगर परिषद के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। नगर परिषद कार्यालय में आने वाले प्रत्येक नागरिक के साथ संवेदनशील व्यवहार और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।



## डाइट बालाघाट में जनशिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, 128 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बालाघाट में जनशिक्षकों का पांच दिवसीय अकादमिक एवं क्षमतावर्धन प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनशिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता, निरीक्षण क्षमता तथा विद्यालयों में अकादमिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना था।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण में जिले के 128 जनशिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मैदानी स्तर पर विभागीय कार्यों के प्रभावी संचालन तथा शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स श्री के.डी. तितिरमारे, श्री एस.एन. पंडित, श्री महाजन बिसेन, श्री योगेश कुमार ताम्रकार, श्री शेख हबीब खान एवं श्री राकेश कुमार पटले ने जनशिक्षकों को मॉनिटरिंग, निरीक्षण, विद्यालय प्रबंधन, अकादमिक नेतृत्व, क्षमतावर्धन तथा विभागीय कार्यप्रणाली से जुड़े विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। साथ ही विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए जनशिक्षकों की भूमिका पर भी चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डाइट के प्राचार्य श्री नरेश प्रसाद



मलगाम ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के समग्र विकास तथा शिक्षकों में नवाचार और विभागीय निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन में जनशिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनशिक्षक शिक्षा व्यवस्था और विद्यालयों के बीच एक सशक्त अकादमिक कड़ी के रूप में कार्य करते हैं।

प्रशिक्षण प्रभारी श्री के.डी. तितिरमारे ने बताया कि जनशिक्षकों द्वारा विद्यालयों की सतत मॉनिटरिंग एवं मार्गदर्शन से शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण जनशिक्षकों को अकादमिक एवं प्रशासनिक विषयों की अद्यतन जानकारी प्रदान करेगा, जिससे वे विद्यालयों के शिक्षकों का बेहतर मार्गदर्शन कर सकेंगे और शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी बना सकेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर मॉडल स्कूल बिरसा में जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों को मिला कैरियर मार्गदर्शन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर मॉडल स्कूल बिरसा में जागरूकता कार्यक्रम, विद्यार्थियों को मिला कैरियर मार्गदर्शन

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे बाघ संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में वन विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं कैरियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) सौरभ शरणागत के निर्देशन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बाघ संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता एवं पर्यावरण संतुलन में बाघों की महत्वपूर्ण




भूमिका की जानकारी दी गई। प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को बाघों के प्राकृतिक आवासों के संरक्षण, मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व तथा वन संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे।

इस अवसर पर विद्यालय के ईको क्लब के विद्यार्थियों के लिए बाघ एवं वन्यजीव संरक्षण विषय पर लिखित प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को वन विभाग द्वारा शील्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुपूर्णिमा पखवाड़ा के तहत आयोजित कैरियर मार्गदर्शन सत्र में वन परिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत ने विद्यार्थियों को भारतीय वन सेवा, वन विभाग, पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव प्रबंधन तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर अनुशासन, निरंतर अध्ययन और प्रकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सौरभ कुमार शर्मा सहित शिक्षकगण एवं विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। विद्यालय प्रबंधन ने वन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके कैरियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जल जीवन मिशन ने बदली ग्राम सरंडी की तकदीर, हर घर तक पहुँचा स्वच्छ पेयजल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कभी एक-एक बूंद पानी के लिए जूझने वाला बालाघाट जिले के वारासिवनी विकासखंड का ग्राम सरंडी आज स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के साथ खुशहाल और आत्मनिर्भर गाँव की पहचान बन चुका है। जल जीवन मिशन ने इस गाँव की तस्वीर ही नहीं, बल्कि यहाँ के लोगों का जीवन भी बदल दिया है। जिस गाँव में कभी सुबह पानी की तलाश से शुरू होती थी, वहीं आज हर घर के नल से स्वच्छ जल की धारा बह रही है।

कुछ वर्ष पहले तक ग्राम सरंडी के ग्रामीणों का अधिकांश समय पानी की व्यवस्था में ही बीत जाता था। विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को कई किलोमीटर दूर से सिर पर पानी लाना पड़ता था। गर्मी के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती थी। पानी की इस समस्या का असर बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं के स्वास्थ्य और ग्रामीणों की आजीविका पर साफ दिखाई देता था। ग्रामीण बताते हैं कि कई बार दिन का बड़ा हिस्सा केवल पेयजल जुटाने में निकल जाता था। ऐसे में शिक्षा, रोजगार और अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित होते थे।

**जल जीवन मिशन बना बदलाव की आधारशिला**



ग्राम सरंडी की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या के समाधान के लिए 20 अक्टूबर 2022 को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना स्वीकृत की गई।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट ने 127.12 लाख रुपये की लागत से आधुनिक जल प्रदाय योजना तैयार की। योजना के तहत गाँव में 75 किलोलीटर क्षमता की उच्च स्तरीय पानी की टंकी तथा 20 किलोलीटर क्षमता का सम्पवेल निर्मित किया गया। इसके साथ ही पाइपलाइन बिछाकर 414 परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

**अब हर घर में बह रहा स्वच्छ जल**

योजना के पूरा होने के बाद ग्राम सरंडी में बड़ा परिवर्तन देखने को मिला है। अब प्रत्येक घर में नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। महिलाओं को दूर-दूर तक पानी लाने की मजबूरी से मुक्ति मिली है, जिससे उनके समय और श्रम की बचत हो रही है। बच्चे अब समय पर विद्यालय पहुँच रहे हैं, क्योंकि उन्हें पानी लाने में समय नहीं देना पड़ता। स्वच्छ पेयजल मिलने से जलजनित बीमारियों में भी कमी आई है और ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार हुआ है।

### 464 छात्रों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल

## शास.उच्च. माध्य. विद्यालय जाम में गूंजी 'नशे से दूरी है जरूरी' की गूंज

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** युवाओं और छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान 2.0 ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लालबर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम में आयोजित हुआ, जिसमें कुल 464 बच्चे सम्मिलित हुए।पुलिस टीम और शिक्षकों ने किया जागरूककार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लालबर्रा थाना प्रभारी राजमल दायमा, एवं पुलिस स्टाफ से महेन्द्र तुरकर, पवन मरसकोले, दिलीप रंहगडाले, विजय हरदिया, और ओम प्रकाश मरकाम ने छात्र-छात्राओं को नशे के सामाजिक और कानूनी दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा अपराधों की जड़ है और युवा पीढ़ी को इससे बचकर अपने करियर पर ध्यान देना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य R.C. बिसेन ने भी विद्यार्थियों को जीवन में




अनुशासन अपनाने की सीख दी।नशे के खिलाफ दिलाई गई शपथ अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में विद्यालय के समस्त स्टाफ और उपस्थित 464 विद्यार्थियों को जीवनभर नशे से दूर रहने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। विद्यालय प्रशासन ने पुलिस विभाग की इस अनूठी पहल की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पीएमश्री शास कन्या स्कूल बूढ़ी बालाघाट का विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** पीएमश्री शासकीय कन्या उच्च.माध्य.स्कूल बूढ़ी बालाघाट का सहायक संचालक मोहित डेहरिया एडीपीसी एव मोनिका पटेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें छात्र छात्राओं के गणित, भौतिकी, रसायन, अंग्रेजी विषय दक्षता का आकलन किया गया एव



भविष्य में लक्ष्य केंद्रित रहने हेतु निर्देशित किया गया। प्राचार्य एस. के. तूरकर द्वारा शाला परिसर में उपलब्ध संसाधनों एवं छात्रों की गतिविधियों से अवगत कराया गया! दोनों पाली मिलाकर आज की उपस्थिति462छात्र एवं 362 छात्राएं, इस प्रकार कुल 824 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए।.

## 25 जुलाई को लांजी में नीट पेपर लीक और उर्वरक की किल्लत के खिलाफ कांग्रेस का होगा बड़ा विरोध प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** नीट परीक्षा में हुए पेपर लीक के विरोध और किसानों को हो रही रासायनिक उर्वरक की किल्लत व बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा की पूर्व उपाध्यक्ष एवं लांजी-किरनापुर क्षेत्र की लाडली



नेत्री *सुश्री हिना कावरे* के नेतृत्व में *दिनांक 25 जुलाई दिन शनिवार को दोपहर 04 बजे सुभाष चौक लांजी* में विशाल विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा।

**प्रदर्शन में उठेंगे ये मुद्दे**

नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के विरोध में शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग।

किसानों को समय पर उचित दर पर रासायनिक उर्वरक उपलब्ध न होने और उसकी बढ़ती कीमतों के खिलाफ आवाज।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पेपर लीक से लाखों छात्रों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है। वहीं दूसरी ओर खरीफ सीजन में किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे खेती पर संकट गहरा गया है।

कांग्रेस ने की अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील*

इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस ने क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, किसानों, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी आवाज बुलंद करें।

ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की जाएगी कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और किसानों को राहत प्रदान की जाए।

## 120 मुस्लिम मेधावी छात्र-छात्राओं का 16 अगस्त को होगा सम्मान समारोह

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मुस्लिम एजुकेशन एंड कल्चरल सोसायटी, बालाघाट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मुस्लिम छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 16 अगस्त 2026 (रविवार) को दोपहर 2 बजे अंजुमन शादी हॉल, बालाघाट में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 120 मुस्लिम छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

सोसायटी ने बताया कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों द्वारा सभी चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। इस प्रकार के आयोजन से न केवल सम्मानित विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि अन्य छात्र-छात्राओं को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है।

सोसायटी के पदाधिकारियों के अनुसार सम्मान समारोह के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई थी। आवेदन प्रक्रिया को सरल और सहज बनाया गया, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें। सोसायटी ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे अपने माता-पिता के साथ निर्धारित समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर सम्मान ग्रहण करें।



सोसायटी के अध्यक्ष अदिल खान पटेल ने बताया कि पिछले वर्ष 78 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया था, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 120 हो गई है। यह इस बात का प्रमाण है कि मुस्लिम समाज की नई पीढ़ी शिक्षा के प्रति गंभीर है और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उत्कृष्ट परिणाम हासिल कर रही है।

अदिल खान पटेल ने यह भी जानकारी दी कि सोसायटी द्वारा 15 नवंबर 2026 को मुस्लिम सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 2011 से लगातार आयोजित हो रहे इस सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक परिवार सोसायटी के पदाधिकारियों से संपर्क कर आवेदन पत्र एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### जंगल की आड़ में बच्चों के निवाले पर डाका!

## टाटीकला प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन योजना पर गंभीर सवाल

**हरिभूमि न्यूज लाजी।**

मैन्यू गायब, चूल्हे पर खाना, पानी जैसी दाल-सब्जी, बच्चों से धुलवाई जा रही थालियां, गैस और भोजन बिलों में गड़बड़ी के आरोप

जिले के अंतिम छोर पर जंगलों के बीच बसे ग्राम पंचायत रिसेवाड़ा के अंतर्गत सीतेपाला के टाटीकला प्राथमिक शाला में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना की तस्वीर शासन के दावों को कठघरे में खड़ा करती नजर आ रही है। ग्रामीणों और पालकों का आरोप है कि यहां बच्चों के पोषण के नाम पर गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। शासन द्वारा निर्धारित मैन्यू का पालन नहीं हो रहा, जबकि बच्चों को परोसी जाने वाली दाल और सब्जी इतनी पतली होती है कि उसमें पोषण ढूंढना भी मुश्किल है।

**मैन्यू सिर्फ कागजों में, बच्चों की थाली में बदहाल व्यवस्था**

ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में नियमित रूप से मैन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता। कई बार भोजन की गुणवत्ता इतनी खराब होती है कि बच्चे मजबूरी में उसे खाते हैं। सबसे हैरानी की बात यह बताई जा रही है कि गैस सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद भोजन चूल्हे पर बनाया जाता है। आरोप है कि जब भी मीडिया या अधिकारी विद्यालय पहुंचते हैं, तब हर बार एक ही सफाई दी जाती है कि आज ही गैस खत्म हुई है। ग्रामीणों का दावा है कि यह बहाना वर्षों से दोहराया जा रहा है ।

**फर्जी बिलों और बच्चों से काम कराने के**



**आरोप, जांच की मांग**

आरोप यह भी हैं कि भोजन तैयार करने और गैस उपयोग से जुड़े बिलों में अनियमितता कर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। इतना ही नहीं, भोजन करने के बाद छोटे-छोटे बच्चों से अपनी थालियां स्वयं धुलवाई जाती हैं, जबकि यह जिम्मेदारी मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाले समूह की होती है। इससे योजना के संचालन और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। अभिभावकों और ग्रामीणों ने कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी तथा संबंधित विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, वित्तीय अभिलेखों का ऑडिट तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। यदि आरोप सही साबित होते हैं, तो यह केवल वित्तीय अनियमितता नहीं बल्कि मासूम बच्चों के पोषण और उनके अधिकारों के साथ गंभीर खिलवाड़ का मामला होगा।

## बुदबुदा रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर निर्माण हेतु सर्वे हो रहा है-विक्रम देशमुख

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी**

पूर्व जिला पंचायत सदस्य, सॉफ़्टवेयर इंजीनियर विक्रम देशमुख द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली, को 19 जुलाइ को शिकायत की गई थी कि,वारासिवनी से कटंगी रेलवे स्टेशन के बीच ग्राम धानीटोला (बुदबुदा)में बी.के-38 नामक रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे द्वारा त्रुटिपूर्ण तरीके से आर.यू.बी (अंडरग्राउंड सबवे) का निर्माण प्रस्तावित किया गया है, जिसका कार्य लंबित है। जबकि बीके-38 लेवल क्रॉसिंग जिला मुख्य मार्ग पर स्थित है,और वारासिवनी को कटंगी होते हुए महाराष्ट्र राज्य से जोड़ता है।

विक्रम द्वारा अपनी शिकायत में प्रधानमंत्री कार्यालय को लिखा गया था,कि इस लेवल क्रॉसिंग से मात्र 140 मीटर की दूरी पर चंदन नदी रोड लेवल से गहराई पर बहती है। जिससे रेलवे द्वारा प्रस्तावित आर.यू.बी में जलभराव की स्थिति का अंदेशा रहेगा। साथ ही चूंकि यह जिला मुख्य मार्ग है, जिस पर पंद्रह से बीस फीट ऊंचाई वाले मालवाहक कंटेनरों का भी आवागमन बाधित होने की आशंका है।

उपरोक्त कारणों से विक्रम द्वारा अपनी शिकायत में प्रधानमंत्री कार्यालय, भारत शासन, को बी.के -38 पर प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना से एल.एच.एस के स्थान पर आर.ओ.बी (फ्लाई ओवर) निर्माण की मांग की गई थी। जैसा कि इसी रेल मार्ग पर ग्राम वारा और अगासी में आर. ओ. बी (फ्लाई ओवर) का निर्माण हो चुका है।

विक्रम की शिकायत को प्रधानमंत्री कार्यालय ने कार्यालय मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर अग्रेषित किया गया था। जिसके परिपालन में उप मुख्य अभियंता (गति शक्ति) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर ने दिनांक 21 जुलाई 2026 को जवाब दिया है, कि LHS को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। हालांकि, ROB की मांग को देखते हुए, नवीनतम रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार विस्तृत सर्वेक्षण चल रहा है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख द्वारा जिला मुख्य मार्ग पर स्थित इस रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग विभिन्न शासकीय माध्यमों पर समय-समय पर उठाई जा रही है।

